# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी (राज0)

पीठासीन अधिकारीः अन्जु शर्मा, आर.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 75/2023

**उनवान**

ईटली पत्नि स्व0 श्री रंगजी वगैराह जाति भील निवासी ईटाउवा तहसील अरथूना जिला बांसवाड़ा।

—: प्रार्थीया

**बनाम**

तहसीलदार, गढी तहसील गढी जिला बांसवाडा।

—: अप्रार्थी

**प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू—राजस्व अधिनियम**

**निर्णय**

दिनांकः 25.10.2023

संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थीगण ईटली पत्नि स्व0 रंगजी, प्रकाश पुत्र स्व0 रंगजी जाति भील निवासीयान् ईटाउवा तहसील अरथूना तथा जगदीश पुत्र सोमा जाति भील निवासी बागीदौरा तहसील बागीदौरा जिला बांसवाड़ा ने निवेदन किया किः—

(1) यह कि पटवार हल्का सरेड़ी छोटी के राजस्व ग्राम उंटी में हमारे पूर्वज गोरिया पिता चमना जाति भील निवासी ईटाउवा तहसील अरथूना के नाम संवत 2036 से 2039 की जमाबन्दी में सर्वे नम्बर 973/80 रकबा 14 बीघा भूमि किस्म—मगरी दर्ज रिकार्ड थी।

(2) यह कि वक्त भू—प्रबन्ध पटवार हल्का सरेड़ी छोटी के राजस्व ग्राम उंटी के नये सर्वे नम्बर 535 रकबा 0.33 हे0, सर्वे नम्बर 537 रकबा 0.50 हे0, सर्वे नम्बर 538 रकबा 0.16 हे0, सर्वे नम्बर 541 रकबा 0.96 हे0, सर्वे नम्बर 542 रकबा 0.02 हे0, सर्वे नम्बर 543 रकबा 0.31 हे0 कुल किता 06 रकबा 2.28 हे0 बनाये जाकर हमारे पूर्वज गोरिया पिता चमना के फोत होने पर उक्त भूमि रंगजी पिता गोरिया के नाम दर्ज रिकार्ड होने पर राजस्व कर्मियों की गलती से हमारी भूमि की किस्म— मगरी के बजाय जंगल दर्ज कर दी गई।

(3) यह कि पटवार हल्का सरेड़ी छोटी के राजस्व ग्राम उंटी के वर्तमान खाता संख्या 120 (नया) 81 (पुराना) के सर्वे नम्बर 1414/537 रकबा 0.41 हे0, सर्वे नम्बर 538 रकबा 0.16 हे0, सर्वे नम्बर 541 रकबा 0.96 हे0, सर्वे नम्बर 542 रकबा 0.02 हे0, सर्वे नम्बर 543 रकबा 0.31 हे0 कुल किता 05 रकबा 1.86 हे0 भूमि ईटली पत्नि स्व0 श्री रंगजी हिस्सा 1/2, प्रकाश पुत्र रंगजी हिस्सा 1/2 जाति भील सा. ईटाउवा तथा खाता संख्या 195 (नया) 120 (पुराना) के सर्वे नम्बर 1415/537 रकबा 0.09 हे0, सर्वे नम्बर 535 रकबा 0.33 हे0 कुल किता 02 रकबा 0.42 हे0 भूमि जगदीश पुत्र सोमा हिस्सा पूर्ण जाति भील सा. बागीदौरा के नाम दर्ज रिकार्ड होकर किस्म—जंगल दर्ज रिकार्ड है।

(4) यह कि पटवार हल्का सरेड़ी छोटी के राजस्व ग्राम उंटी के खातेदार गोरिया पिता चमना जाति भील निवासी ईटाउवा तहसील अरथूना के नाम संवत 2036 से 2039 की जमाबन्दी में सर्वे नम्बर 973/80 रकबा 14 बीघा भूमि किस्म—मगरी दर्ज रिकार्ड थी। जिसमें से खाता संख्या 120 (नया) 81 (पुराना) के सर्वे नम्बर 1414/537 रकबा 0.41 हे0, सर्वे नम्बर 538 रकबा 0.16 हे0, सर्वे नम्बर 541 रकबा 0.96 हे0, सर्वे नम्बर 542 रकबा 0.02 हे0, सर्वे नम्बर 543 रकबा 0.31 हे0 कुल किता 05 रकबा 1.86 हे0 भूमि हमारे पूर्वज गोरिया पिता चमना के वारिसान ईटली पत्नि स्व0 श्री रंगजी हिस्सा 1/2, प्रकाश पुत्र रंगजी हिस्सा 1/2 जाति भील सा. ईटाउवा तथा जरिये विक्रय पत्र बेचान की गई भूमि नामान्तरकरण संख्या 315 दिनांक 21.01.2021 द्वारा नया कायम कर खाता संख्या 195 (नया) 120 (पुराना) के सर्वे नम्बर 1415/537 रकबा 0.09 हे0, सर्वे नम्बर 535 रकबा 0.33 हे0 कुल किता 02 रकबा 0.42 हे0 भूमि जगदीश पुत्र सोमा हिस्सा पूर्ण जाति भील सा. बागीदौरा के नाम दर्ज रिकार्ड होकर किस्म—जंगल दर्ज रिकार्ड है।

(5) यह कि वर्तमान में हमारे नाम पृथक—पृथक खातेदारी में दर्ज भूमि की किस्म पूर्व में मगरी थी तथा राजस्व कर्मिचारियों की त्रुटि से भू—प्रबन्ध के पूर्व अंकित भूमि कि किस्म—मगरी के सीन पर किस्म—जंगल दर्ज कर दी गई है जिसमें शुद्धि आदेश जारी

Signature Not Verified
Digitally signed by Anju Sharma
Date: 2024.03.11 13:36:47 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी जिला बांसवाड़ा

करातें हुऐ वर्तमान में दर्ज किस्म– जंगल के स्थान पर मगरी के आदेश प्रदान करावें, ताकि हमें भूमि को संपरिवर्तन कराने, मकान का निर्माण करने एंव बैंक आदि से ऋण आदि लेने में जो कठिनाईया आ रही है। उनसे निजात मिल सकें। इस हेतु हमारे द्वारा भू–प्रबन्ध से पूर्व तथा भू–प्रबन्ध के बाद की नकल जमाबन्दी, तुलनात्मक नकल, वर्तमान खाते की नकल आदि प्रस्तुत हुऐ।

प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी तहसीलदार, गढ़ी के नाम सम्मन जारी किया गया। प्रकरण में अप्रार्थी तहसीलदार गढ़ी का जवाब प्रस्तुत होकर कथन किया कि पटवार हल्का सरेड़ी छोटी के राजस्व ग्राम उंटी के वर्तमान खाता संख्या 120 (नया) 81 (पुराना) के सर्वे नम्बर 1414/537 रकबा 0.41 हे0, सर्वे नम्बर 538 रकबा 0.16 हे0, सर्वे नम्बर 541 रकबा 0.96 हे0, सर्वे नम्बर 542 रकबा 0.02 हे0, सर्वे नम्बर 543 रकबा 0.31 हे0 कुल किता 05 रकबा 1.86 हे0 भूमि ईटली पत्नि स्व0 श्री रंगजी हिस्सा 1/2, प्रकाश पुत्र रंगजी हिस्सा 1/2 जाति भील सा. ईटाउवा तथा खाता संख्या 195 (नया) 120 (पुराना) के सर्वे नम्बर 1415/537 रकबा 0.09 हे0, सर्वे नम्बर 535 रकबा 0.33 हे0 कुल किता 02 रकबा 0.42 हे0 भूमि जगदीश पुत्र सोमा हिस्सा पूर्ण जाति भील सा. बागीदौरा के नाम दर्ज रिकार्ड होकर किस्म–जंगल दर्ज रिकार्ड है। ग्राम उटी की जमाबन्दी संवत 2036 से 2039 में खाता संख्या 40 के सर्वे नम्बर 973/80 रकबा 14 बीघा भूमि गोरिया पिता चमना जाति भील निवासी ईटाउवा के नाम खातेदारी दर्ज होकर किस्म–मगरी दर्ज रेकार्ड थी। सेटलमेंन्ट के पूर्व आराजी नम्बर 973/80 रकबा 14 बीघा किस्म–मगरी के हाल सर्वे नम्बर 535 रकबा 0.33 हे0, सर्वे नम्बर 537 रकबा 0.50 हे0, सर्वे नम्बर 538 रकबा 0.16 हे0, सर्वे नम्बर 541 रकबा 0.96 हे0, सर्वे नम्बर 542 रकबा 0.02 हे0, सर्वे नम्बर 543 रकबा 0.31 हे0 कुल किता 06 रकबा 2.28 हे0 किस्म–जंगल दर्ज होना अवगत करतें हुऐ संवत 2036 से 2039 की नकल जमाबन्दी, वर्तमान नकल जमाबन्दी प्रस्तुत की गई।

प्रकरण में अप्रार्थी तहसीलदार (भूमिधारी) गढ़ी की ओर से प्रस्तुत जवाब, अभिलेख, प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र का अवलोकन करने पर ज्ञात आया कि पटवार हल्का सरेड़ी छोटी के राजस्व ग्राम उंटी की जमाबन्दी संवत 2036 से 2039 के सर्वे नम्बर 973/80 रकबा 14 बीघा किस्म–मगरी दर्ज रिकार्ड थी जो भू–प्रबन्ध के दौरान् किस्म–जंगल दर्ज हो गई है।

अतः पटवार हल्का सरेड़ी छोटी के राजस्व ग्राम उंटी की जमाबन्दी संवत 2075 से 2078 की खाता संख्या 195 (नयी) 120 (पुरानी) तथा खातांा संख्या 120 (नयी) 81 (पुरानी) में दर्ज सर्वे नम्बरान् की भूमि में किस्म– जंगल के स्थान पर किस्म–मगरी दर्ज करने का तहसीलदार, गढ़ी को आदेश दिया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 25.10.2023 को जारी किया गया।

(अन्जु शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बाँसवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Anju Sharma
Date: 2024.03.11 13:36:47 IST
Reason: SelfAttested